प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

कोड / CODE : **26**

क्रम संख्या / SR.No.

167945

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 40

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 150

**26**

समय / Time : 3.00 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks: 300

## INSTRUCTIONS

1. At the start of the examination before attempting the question paper kindly check your test booklet and OMR Answer Sheet and ensure that :-

➢ The serial numbers of test booklet and OMR answer sheet are same.

➢ All pages of test booklet & OMR answer sheet are properly printed and test booklet is not damaged in any manner. No page of test booklet is missing.

In case of any discrepancy/defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet & OMR answer sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

2. Answer all questions.
3. All questions carry equal marks.
4. Only one answer is to be given for each question.
5. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
6. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
7. 1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer. (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
8. Possession or use of Mobile Phone/Bluetooth Devices or any other electronics gadget in the examination hall is strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. 5 Marks will be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examination of the Board.

## निर्देश

1. प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तपत्रक की भली-भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित करलें कि :-

➢ प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तपत्रक के क्रमांक एक समान हैं।

➢ प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तपत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं और इन्हें किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुँची है। प्रश्न-पत्र पुस्तिका के सभी पृष्ठ मौजूद है।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तपत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में कोई विचार नहीं किया जावेगा। इसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान है।
4. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
5. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये है, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक **पर नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
7. प्रत्येक गलत उत्तर का प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर या किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जावेगा।
8. मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में रखना या प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरूद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत या अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांको में से अनिवार्य रूप से काटे जाएंगे।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992 की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। / **Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

1) Consider the following statements.

According to 73rd constitution amendment ;

a) Panchayat Raj Act in Rajasthan was introduced on 23rd April 1994.

b) It is compulsory to call the meeting of gramsabha twice during a year.

c) It is compulsory to reserve one-third seats for woman at all levels of Panchayati Raj.

d) One-third reservation is also compulsory for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

Which of the statement/statements given above is/are correct? Select the correct answer on the basis of code given below :

1) a and b only 2) c and d only 3) a,b and c only 4) a and d only

1) निम्न कथनों पर विचार कीजिए. 73वें संविधान संशोधन के अनुसरण में.

a) पंचायती राज अधिनियम राजस्थान में 23 अप्रैल 1994 में लागू किया गया.

b) ग्राम सभा का वर्ष में दो बार आयोजन अनिवार्य है ।

c) पंचायती राज के सभी स्तरों पर महिलाओं का एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य है ।

d) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के लिए भी एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य हैं ।

उपरोक्त कथन/कथनों में से कौनसा सही है ? नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

1) a एवं b केवल 2) c एवं d केवल 3) a,b एवं c केवल 4) a एवं d केवल

2) Which of the followings are fundamental duties of the citizens in the Indian Constitution ?

a) To respect national flag and national anthem.

b) To render national service when called upon to do so.

c) To endeavour social reforms.

d) To value and preserve the rich heritage of our composite culture.

Which of the statements given is/above correct ?. Select the correct answer on the basis of code given below.

1) a and b only 2) a, b and d only 3) a, b and c only 4) c and d only

2) भारतीय संविधान में निम्न में से ...... नागरिकों के कौनसे मौलिक कर्तव्य हैं ?

a) राष्ट्र ध्वज तथा राष्ट्रगान का सम्मान करना

b) आह्वान पर राष्ट्र को सेवा अर्पित करना

c) सामाजिक सुधार का प्रयास करना

d) अपनी साझा संस्कृति की समृद्ध धरोहर को महत्व प्रदान करना तथा उसका संरक्षण करना

उपरोक्त कथन/कथनों में से कौनसा सही हैं ? नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए.

1) a एवं b केवल 2) a, b एवं d केवल 3) a, b एवं c केवल 4) c एवं d केवल

3) Shrimati Vasundhraji Raje remained Chief Minister of Rajasthan first time during ........

1) 2004 - 2009 2) 2001 - 2007 3) 1999 - 2003 4) 2003 - 2008

3) श्रीमती वसुन्धराजी राजे राजस्थान की प्रथम बार मुख्य मन्त्री ........ मध्य, रही ।

1) 2004 - 2009 2) 2001 - 2007 3) 1999 - 2003 4) 2003 - 2008

4) Consider the following statements.

a) The total number of members in the Loksabha from Rajasthan is 25.

b) The total number of members of Legislative Council in Rajasthan is 200.

c) In the Loksabha 4 seats are reserved for Scheduled Castes and 3 seats for Scheduled Tribes from Rajasthan.

Select the Correct answer using the code given below :

1) a and b only 2) a and c only 3) b and c only 4) a only

4) निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।

a) लोक सभा में राजस्थान से कुल 25 सदस्य हैं ।

b) राजस्थान में विधान परिषद् के कुल सदस्यों की संख्या 200 हैं ।

c) लोक सभा में राजस्थान से अनुसूचित जाति की 4 सीटे एवं अनुसूचित जन जाति की 3 सीटे आरक्षित हैं ।

निम्न कूटों के आधार पर सही उत्तर का चुनाव कीजिए ।

1) a एवं b केवल 2) a एवं c केवल 3) b एवं c केवल 4) a केवल

5) Parliament in India consists of :

a) The President

b) Rajya Sabha and Lok Sabha

c) Prime Minister

d) The Vice President

Select the correct answer using the code given below :

1) a and b only 2) a, b and c only 3) a, b and d only 4) b, c and d only

5) भारत में संसद में सम्मिलित हैं :

a) राष्ट्रपति

b) राज्य सभा एवं लोक सभा

c) प्रधान मंत्री

d) उप राष्ट्रपति

नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

1) a एवं b केवल 2) a, b एवं c केवल 3) a, b एवं d केवल 4) b, c एवं d केवल

6) One amongst the following statements is incorrect, find out :

1) The constitution was adopted on November 26, 1949 and it came into effect on January 26, 1950.

2) Lord Bentinck was the first Governor General of India.

3) Pandit Jawaharlal Nehru was the first Prime Minister of India.

4) The Directive Principles of State policy constitute the fourth past of the constitution.

6) निम्न कथनों में से एक कथन असत्य हैं । पता कीजिए

1) संविधान को 26 नवम्बर 1949 को पारित किया और यह 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ ।
2) लार्ड बेन्टिक भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे ।
3) पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधान मन्त्री थे ।
4) राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत संविधान के चतुर्थ भाग में समाहित हैं ।

7) One amongst the followings is incorrect about Lok Sabha, find out.

1) The present strength of Lok Sabha is 545.
2) The elected members from the States are 530
3) The elected members from Union Territories are 13
4) The elected Anglo Indian members are 2.

7) लोक सभा के बारे में निम्न में से एक असत्य हैं । पता कीजिए ।

1) लोक सभा की वर्तमान संख्या 545 हैं ।
2) राज्यों से चुने हुए सदस्य 530 हैं ।
3) केन्द्र शासित प्रदेशों से चुने हुए सदस्य 13 हैं ।
4) ऐंग्लो इण्डियन चुने हुए सदस्य 2 हैं ।

8) The representative democracy introduced at the village level is through ;

1) Gram Sabha 2) Panchayat 3) Sarpanch 4) Panchas

8) ग्राम स्तर पर प्रतिनिधिक प्रजातन्त्र जिसके द्वारा लागू किया गया है, वह है ।

1) ग्राम सभा 2) पंचायत 3) सरपंच 4) पंच

9) In the history of Indian constitution the most controversial amendment in the constitution was :

1) 42nd Amendment 2) 76th Amendment
3) 79th Amendment 4) 89th Amendment

9) भारतीय संविधान के इतिहास में सबसे विवादास्पद संविधान संशोधन था :

1) 42 वाँ संशोधन 2) 76 वाँ संशोधन 3) 79 वाँ संशोधन 4) 89 वाँ संशोधन

10) Which constitutional Amendment in India made primary education is a fundamental right ?

1) 80th 2) 81st 3) 82nd 4) 86th

10) किस संविधान संशोधन ने भारत में प्राथमिक शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया है ?

1) 80 वाँ 2) 81 वाँ 3) 82 वाँ 4) 86 वाँ



EduBull.com

11) Large earthen pots called "Gore and Koth" and meant to store grain have been found in which ancient civilization

1) Ojhiyana 2) Kalibanga 3) Jodhpura 4) Aahar

11) अनाज रखने के बडे मृदभाण्ड जिन्हें "गोरे बंकोठ" कहा जाता था, किस प्राचीन सभ्यता से प्राप्त हुए ?

1) ओझियाना 2) कालीबंगा 3) जोधपुरा 4) आहड़

12) Who discovered the prehistorical paintings in Alaniya in Rajasthan ?

1) D.H. Garden 2) Dr. S. Kumar
3) V.S. Vakanker 4) Dr. Jagatnarayan

12) राजस्थान में आलनियाँ के प्रागैतिहासिक चित्रों की खोज किसने की ?

1) डी. एच. गार्डन 2) डॉ. एस. कुमार 3) वी. एस वाकणकर 4) डॉ. जगतनारायण

13) In Marwar there was a tradition of granting Siropav, for bravery, literature, service. The highest Siropav was

1) Palaki Siropav 2) Hathi Siropav
3) Ghoda Siropav 4) Kara Dushala Siropav

13) मारवाड़ में वीरता, साहित्य, सेवा के लिए "सिरोपाव" देने की परम्परा रही थी, सर्वोच्च सिरोपाव था -

1) पालकी सिरोपाव 2) हाथी सिरोपाव
3) घोड़ा सिरोपाव 4) कड़ा दुशाला सिरोपाव

14) Who said "The Mughal Emperor for half their victories were graceful to the Rathore's and their one lakh swords"

1) Col. Tod 2) Mc. Millan 3) A.l. Basham 4) Alfiston

14) "मुगल बादशाह अपनी विजयों में से आधी के लिए राठौडों की एक लाख तलवारों के अहसानमन्द थे" ये कथन कहा है -

1) कर्नल टॉड 2) मेकमिलन 3) ए. एल. बाँशम 4) एलफिस्टन

15) Which architectural style of temple architecture's 'Bhumis Style' is sub-style of ?

1) Nagar Style 2) Dravid Style
3) Indo-Persion Style 4) Besar Style

15) मन्दिर स्थापत्य की "भूमिज शैली" किस स्थापत्य शैली की उपशैली है ?

1) नागर शैली 2) द्राविड शैली 3) इण्डो पर्शियन शैली 4) बेसर शैली

16) "The emperor had made the Rana of Mewar subordinate to him through negotiations not through force" who made this statement?

1) Sir Thomas Roe 2) Sir J.N. Sarkar 3) Col.Tod 4) Dr. Beniprasad

16) "बादशाह ने मेवाड़ के राणा को आपस के समझौते से अधीन किया था, न कि बल से ।" ये कथन कहा है ?

1) सर टामस रो
2) सर जे. एन. सरकार
3) कर्नल टॉड
4) डॉ. बेनी प्रसाद

17) In Rajasthan in whom is the 'Underiya-Panth' Prevalent ?

1) In the Bhils
2) In the Meenas
3) In the Sahriyas
4) In the Garasiyas

17) राजस्थान में "ऊंदरिया पंथ" किनमें प्रचलित है ?

1) भीलों में
2) मीणाओं में
3) सहरिया में
4) गरासिया में

18) 'Gubbara', 'Nusarat, 'Nagpali', 'Gazak' are names of which ?

1) The names of the cannons in Jodhpur Fort.
2) The names of the Prevalent regional sweets in mewar.
3) The names of the dress of the thikanas of marwar.
4) The names of the established revenue taxes.

18) "गुब्बारा", "नुसरत", "नागपली", "गजक" नाम है ।

1) जोधपुर दुर्ग की तोपों के नाम
2) मेवाड़ में प्रचलित क्षेत्रीय मिठाइयों के नाम
3) मारवाड़ ठिकानों के वस्त्रों के नाम
4) मेवाड़ में प्रचलित राजस्व वसूली करों के नाम

19) Who established the library 'Pustak Prakash' in the Jodhpur Fort ?

1) Jaswant Singh
2) Ajit Singh
3) Man Singh
4) Takhat Singh

19) जोधपुर किले में "पुस्तक प्रकाश" पुस्तकालय की स्थापना किसने की ?

1) जसवन्त सिंह
2) अजीत सिंह
3) मानसिंह
4) तख़्त सिंह

20) What is the 'Mughdhana' in the culture of Rajasthan ?

1) The offering of heena to the goddess and then distributing it among the guest.
2) To Serve the Bridge 'Moong and Ghee'
3) Bangles of lac in which silver wire is threaded
4) The sticks which are used to cook food which brought after the worship of God Vinayaka

20) राजस्थान की संस्कृति में "मुगधणा" क्या है -

1) माताजी को मेहंदी चढ़ाकर मेहमानों में बाँटना ।
2) वधू को मूँग और घी खिलाना ।
3) लाख की चूडियाँ जिसमें चाँदी की कड़ी पिरोई जाती है।
4) भोजन पकाने के लिए लकडियाँ जो विनायक स्थापना के पश्चात लाई जाती है ।

21) In which mint the 'Iktisandha Rupee' was minted ?

1) Jodhpur 2) Sojat 3) Kuchaman 4) Merta

21) ''इकतीसंदा'' रुपया राजस्थान की कौनसी टकसाल में बनता था ?

1) जोधपुर 2) सोजत 3) कुचामन 4) मेड़ता

22) Where is the tradition of the famous 'Naher dance' establish which is there since the time of Mughal Emperor Shahjahan ?

1) Mandal 2) Chomu 3) Chaksu 4) Kishangarh

22) मुगल सम्राट शाहजहाँ के समय से ही प्रसिद्ध ''नाहर नृत्य'' की खेलने की परम्परा कहाँ प्रचलित है ?

1) माण्डल 2) चौमू 3) चाकसू 4) किशनगढ़

23) In which year did Acharya Tulsi start 'Anuvrat-Andolan' ?

1) 1942 AD 2) 1949 AD 3) 1945 AD 4) 1952 AD

23) आचार्य तुलसी ने ''अणुव्रत आन्दोलन'' का सूत्रपात कब क्रिया ?

1) 1942 ई. 2) 1949 ई. 3) 1945 ई. 4) 1952 ई.

24) To resolve the related problems of the estates when was the 'Riyasati Vibhag' established?

1) 5th July 1947 AD 2) 10th October 1946 AD
3) 31st March 1948 AD 4) 04th January 1947 AD

24) रियासतों से सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए ''रियासती विभाग'' की स्थापना कब की गई ?

1) 5 जुलाई 1947ई. 2) 10 अक्टूबर 1946ई.
3) 31 मार्च 1948ई. 4) 4 जनवरी 1947ई.

25) The twenty one point demand charter called 'mewar pukar' was related to whom ?

1) Motilal Tejawat 2) Manikya lal Verma
3) Vijaya Singh Pathik 4) Sadhu Sitaramdas

25) ''मेवाड पुकार'' 21 सूत्री मांगपत्र का सम्बंध किससे था ?

1) मोतीलाल तेजावत 2) माणिक्यलाल वर्मा 3) विजय सिंह पथिक 4) साधु सीताराम दास

26) What was the annual income of 'Matsy-Sangh' during the process of unification of Rajasthan ?

1) One hundred eighty four lakh Rupee
2) Two hundred ninty lakh Rupee
3) Three hundred twenty four lakh Rupee
4) Twenty Six lakh Rupee

26) राजस्थान के एकीकरण प्रक्रिया के समय मत्स्य संघ की वार्षिक आय कितनी थी ?

1) 184 लाख रुपये 2) 290 लाख रुपये 3) 324 लाख रुपये 4) 26 लाख रुपये

27) Which province of Rajasthan was called the eighth wonder of the world by Pt. Jawahar Lal Nehru

1) Jaisalmer 2) Bikaner 3) Jhalawar 4) Kota

27) राजस्थान की किस रियासत को पं. जवाहर लाल नेहरु ने विश्व का आठवाँ आश्चर्य कहा था ?

1) जैसलमेर 2) बीकानेर 3) झालावाड़ 4) कोटा

28) During which Prajamandal movement did the 'Kangad Kandh' take place ?

1) Jaipur Prajamandal
2) Bikaner Prajamandal
3) Kota Prajamandal
4) Jhalawar Prajamandal

28) "काँगड काण्ड" किस प्रजामण्डल आन्दोलन के दौरान घटित हुआ ?

1) जयपुर प्रजामण्डल
2) बीकानेर प्रजामण्डल
3) कोटा प्रजामण्डल
4) झालावाड़ प्रजामण्डल

29) During the revolt of 1857 who said the following "The English have gone back on their words did they not occupy Awadh ? Hence they should not expect that Indian will also abide by their words".

1) Tantya Tope
2) Hakim Ahamad
3) Pratap Singh
4) Muhammad Ali beg

29) "अंग्रेजों ने अपनी शपथ भंग की है । क्या उन्होंने अवध पर अधिकार नहीं किया ? अत: उन्हें यह अपेक्षा नहीं करनी चाहिए कि भारतीय अपनी शपथ का अनुपालन करेंगे।" 1857ई. की क्रान्ति के सन्दर्भ में यह किसने कहा ?

1) तांत्या टोपे 2) हाकिम अहमद 3) प्रताप सिंह 4) मुहम्मद अली बेग

30) Which amongst the following is not a musical instrument played by wires ?

1) Janter 2) Rwaj 3) Chotara 4) Satara

30) निम्न में से कौन सा तंत्र वाद्य नहीं है ?

1) जन्तर 2) रवाज़ 3) चौतारा 4) सतारा

31) The average of 6 numbers is 20. If a number is removed then average becomes 15. In place of removed number by adding a number 39 the average of new 6 numbers will be .....

1) 17 2) 20 3) 19 4) 18

31) 6 संख्याओं का औसत 20 है । यदि एक संख्या हटा दी जावे तो औसत 15 हो जाता है । हटाई गयी संख्या के स्थान पर 39 जोडने पर उन नयी 6 संख्याओं का औसत हो जावेगा .... ।

1) 17 2) 20 3) 19 4) 18

32) The average of 15 numbers is 40. In these average of first 8 numbers is 30 and the average of last 8 numbers is 50. The value of eighth number will be .....

1) 40 2) 30 3) 35 4) 50

32) 15 संख्याओं का औसत 40 है । उनमें प्रथम 8 संख्याओं का औसत 30 और अंतिम 8 संख्याओं का औसत 50 है । तो आठवीं संख्या का मान होगा ..... ।

1) 40 2) 30 3) 35 4) 50

33) A person spends average Rs. 1800/- per month in first 4 months. In next 8 months spends average Rs. 2000/- per month. In the end of year saves Rs. 5600/-. Then his average monthly income is .....

1) Rs. 2000/- 2) Rs. 2200/- 3) Rs. 2400/- 4) Rs. 2600/-

33) एक आदमी प्रथम 4 माह में औसतन ₹. 1800/- प्रतिमाह खर्च करता है । अगले 8 माह में औसतन ₹. 2000/- प्रतिमाह खर्च करता है । वर्ष में ₹. 5600/- रुपये बचा लेता है । तो उसकी औसत मासिक आय है ।

1) ₹. 2000/- 2) ₹. 2200/- 3) ₹. 2400/- 4) ₹. 2600/-

34) A person lent Rupees 10, 000/- at the interest rate of 10% per annum compounded yearly. How much rupees he will get back after 2½ years.

1) Rs. 12810/- 2) Rs. 12510/- 3) Rs. 12705/- 4) Rs. 12910/-

34) एक व्यक्ति ने ₹. 10,000/- 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से गणना करने पर उधार दिये । 2½ वर्ष पश्चात् उसे कितने रुपये वापिस मिलेंगें ।

1) ₹. 12810/- 2) ₹. 12510/- 3) ₹. 12705/- 4) ₹. 12910/-

35) At what percent yearly rate of compound interest a sum of money will become four times in two years ?

1) 75% 2) 100% 3) 60% 4) 80%

35) किस प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से एक धन-राशि दो वर्ष में चार गुणी हो जावेगी ?

1) 75% 2) 100% 3) 60% 4) 80%

36) The compound interest on certain sum is Rs. 376.20/- and simple interest is Rs. 360. What is the sum ?

1) Rs. 2000 2) Rs. 2100 3) Rs. 2300 4) Rs. 2200

36) किसी राशि का 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹. 376.20/- है और साधारण ब्याज ₹. 360/- है । वह राशि कितनी है ?

1) ₹. 2000/- 2) ₹. 2100/- 3) ₹. 2300/- 4) ₹. 2200/-

37) The average number of runs scored by 'A' in the last 10 matches is 42 and by 'B' in the last 15 matches is 57. What is the average runs scored by both ?

1) 47 2) 52 3) 51 4) 53

37) गत 10 म्याचों में 'A' के रनों का औसत स्कोर 42 तथा 'B' का गत 15 म्याचों में रनों का औसत स्कोर 57 है । दोनों के रनों का औसत स्कोर क्या है ।

1) 47 2) 52 3) 51 4) 53



EduBull.com

38) A series of seven consecutive integers is given. In that series average of first five integers is N. What is the average of all seven integers.

1) N + 2 2) N + 3 3) $\frac{5N+2}{7}$ 4) N + 1

38) गिनती के सतत: सात अंकों की एक श्रेणी दी हुयी है । उस दी हुयी श्रेणी के प्रथम 5 अंकों का औसत N है । सभी सात अंकों का औसत क्या होगा ?

1) N + 2 2) N + 3 3) $\frac{5N+2}{7}$ 4) N + 1

39) If the average of $m$ numbers is $n^2$ and that of $n$ numbers is $m^2$, then the average of $(m+n)$ numbers is

1) $m/n$ 2) $m+n$ 3) $m-n$ 4) $mn$

39) यदी $m$ संख्याओं का औसत $n^2$ है और इसी तरह $n$ संख्याओं का औसत $m^2$, है, तब $(m+n)$ संख्याओं का औसत है ।

1) $m/n$ 2) $m+n$ 3) $m-n$ 4) $mn$

40) There is a tree on an island situated with in a river 100 meter wide. At the both banks of river there are two opposite points P and Q. Tree and both points are in a straight line. The angle of elevation from point P and Q to the top of tree are 30° & 45° respectively. Then height of the tree is .....

1) $100(\sqrt{3}-1)$ 2) $50(\sqrt{3}-1)$ 3) $25(\sqrt{3}+1)$ 4) $100(\sqrt{3}-1)$

40) 100 मीटर चौडी नदी में एक द्वीप पर एक पेड है । नदी के दोनों किनारों पर एक दूसरे के विपरीत दो विन्दू P और Q है । पेड और दोनों विन्दू एक सीधी रेखा में हैं । P और Q विन्दू से पेड का शीर्ष क्रमशः 30° और 45° का उन्नयन कोण बनाते है । तो पेड की ऊँचाई है .....

1) $100(\sqrt{3}-1)$ 2) $50(\sqrt{3}-1)$ 3) $25(\sqrt{3}+1)$ 4) $100(\sqrt{3}-1)$

41) If a shadow of a tower is $\sqrt{3}$ times of its height, then angle of elevation of the sun is .....

1) 30° 2) 60° 3) 45° 4) 150°

41) यदि मीनार की छाया की लम्बाई इसकी ऊँचाई की $\sqrt{3}$ गुणा है तो सूर्य का उन्नयन कोण होगा .....

1) 30° 2) 60° 3) 45° 4) 150°

42) From a point P at the ground a Jet Plane has 60° angle of elevation. After 15 seconds its angle of elevation becomes 30°. If Jet Plane is flying at the same height of $1500\sqrt{3}$ meters from the ground, the speed of Jet Plane is ......

1) 150 Meter/Sec 2) 120 Meter/Sec 3) 136 Meter/Sec 4) 200 Meter/Sec

42) एक जेट प्लेन का उन्नयन कोण जमीन पर एक बिन्दू P से 60° है । 15 सैकिण्ड बाद उसका उन्नयन 30° हो जाता है । यदि जेट प्लेन जमीन से $1500\sqrt{3}$ मीटर की समान ऊँचाई पर उड रहा हो तो जेट प्लेन की चाल होगी ......

1) 150 मीटर/से. 2) 120 मीटर/से. 3) 136 मीटर/से. 4) 200 मीटर/से.

43) Rs. 8400 is divided among A, B, C and D in such a way that the ratio of shares of A:B is 1:2, B:C is 3:1, and C:D is 2:3. Find the sum of shares of A & C and B & C. It is .....

1) Rs. 3600, Rs 4500
2) Rs. 3000, Rs 4500
3) Rs. 3000, Rs 4800
4) Rs. 3600, Rs 4800

43) ₹. 8400/- को A, B, C और D के मध्य इस प्रकार बाँटा जाता है कि उनके हिस्सों का अनुपात A:B है 1:2, B:C है 3:1, और C:D है 2:3. A व C तथा B व C के हिस्सों का भाग ज्ञात करो । जो है .....

1) ₹. 3600, ₹. 4500
2) ₹. 3000, ₹. 4500
3) ₹. 3000, ₹. 4800
4) ₹. 3600, ₹. 4800

44) The ratio of total amount distributed in all the males and females as salary is 6:5. The ratio of salary of each male and female is 2:3. The ratio of no. of male and female is .....

1) 5 : 9  2) 5 : 7  3) 7 : 5  4) 9 : 5

44) पुरुषों और महिलाओं के मध्य कुल बाँटी गई तनख्वाह का अनुपात 6:5 है । प्रत्येक पुरुष और प्रत्येक महिला को मिली तनख्वाह का अनुपात 2:3 है । कुल पुरुषों और कुल महिलाओं की संख्या का अनुपात है .....

1) 5 : 9  2) 5 : 7  3) 7 : 5  4) 9 : 5

45) A bag contains Rs. 820/- in form of Rs. 5, Rs.2 and Rs. 1 coins. The number of coins in the bag are in ratio of 4 : 6 : 9. The number of Rs. 2/- coins in the bag is .....

1) 80  2) 100  3) 120  4) 140

45) एक थैले में ₹. 5/-, ₹. 2/- और ₹. 1/- के सिक्कों के रुप में ₹. 820/- हैं । यदि थैले में सिक्कों की संख्या का अनुपात 4 : 6 : 9 हैं । तो थैले में ₹. 2/- के सिक्कों की संख्या हैं .....

1) 80  2) 100  3) 120  4) 140

46) In an examination, 35% of the candidates failed in Mathematics and 25% in English. If 10% failed in both Mathematics and English, then percentage of candidates passed in both the subjects is .....

1) 50  2) 55  3) 57  4) 60

46) एक परीक्षा में 35% अभ्यर्थी गणित में और 25% अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुयें । यदि 10% गणित और अंग्रेजी दोनों विषयों अनुत्तीर्ण हुयें तो दोनों विषयों में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का प्रतिशत है .....

1) 50  2) 55  3) 57  4) 60

47) If numerator of a fraction is increased by 200% and denominator by 400%. The resultant fraction is $1\frac{1}{20}$, then original fraction is .....

1) $1\frac{3}{4}$  2) $\frac{11}{10}$  3) $\frac{6}{5}$  4) $1\frac{1}{2}$

47) एक भिन्न के अंश में 200% और हर में 400% की वृद्धि की जाती है। इसकी परिणामी भिन्न $1\frac{1}{20}$ है तो मूल भिन्न है

1) $1\frac{3}{4}$ 2) $\frac{11}{10}$ 3) $\frac{6}{5}$ 4) $1\frac{1}{2}$

48) 35% of 42% of $\frac{6}{7}$ of 500 will be .....

1) 63 2) 44 3) 52 4) 60

48) 500 के $\frac{6}{7}$ का 42% का 35% होगा .....

1) 63 2) 44 3) 52 4) 60

49) The simple interest on Rs. 1650/- at the rate 4% *p.a* is less by Rs. 30 than the interest on Rs. 1800/- calculated at the same rate. The time period of money lent is .....

1) 3 Years 2) 5 Years 3) 4 Years 4) 6 Years

49) ₹. 1650/- पर 4% वार्षिक दर से साधारण ब्याज समान दर से ₹. 1800/- पर संगणित ब्याज से ₹. 30/- कम है। उधार दिये धन की समयावधि है .....

1) 3 वर्ष 2) 5 वर्ष 3) 4 वर्ष 4) 6 वर्ष

50) A certain sum of money amounts to Rs. 2613/- in 6 years at the rate of 5% per annum by simple interest. In how many years it will amount to Rs. 3015 at same rate ?

1) 20 Years 2) 15 Years 3) 10 Years 4) 5 Years

50) कोई धन राशि 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 6 वर्ष में ₹. 2613/- हो जाती है। समान दर से वह कितने समय में ₹. 3015/- हो जावेगी ?

1) 20 वर्ष में 2) 15 वर्ष में 3) 10 वर्ष में 4) 5 वर्ष में

51) A money-lender finds that due to fall in rate of simple interest of 13% *p.a* by 0.5%, his annual income reduces by Rs. 104/-. His lent capital is .....

1) Rs. 20800/- 2) Rs. 32800/- 3) Rs. 34600/- 4) Rs. 36400/-

51) एक साहूकार को पता चलता है कि साधारण ब्याज दर 13% वार्षिक में 0.5% की गिरावट होने पर उसकी वार्षिक आमदनी में ₹. 104/- की कमी हो जाती है। उसकी उधार दी गयी पूँजी है .....

1) ₹. 20800/- 2) ₹. 32800/- 3) ₹. 34600/- 4) ₹. 36400/-

52) The sum of squares of three numbers is 532. And the ratio of the first to the second as also of the second to the third is 3 : 2. What is the second number ?

1) 10 2) 12 3) 11 4) 14

52) तीन संख्याओं के वर्गो का योग 532 है। पहली का दूसरी से उसी तरह दूसरी का तीसरी से अनुपात 3 : 2 है। दूसरी संख्या क्या होगी ?

1) 10 2) 12 3) 11 4) 14

53) The ratio of the number of boys to the number of girls in a school of 1638 students is 5:2. If the number of girls is increased by 60, then what must be decrease in the number of boys to make the new ratio of boys to girls as 4:3 ?

1) 506 2) 466 3) 476 4) 496

53) 1638 विद्यार्थियों के स्कूल में छात्रों की संख्या और छात्राओं की संख्या का अनुपात 5:2 है। यदि छात्राओं की संख्या 60 बढ़ जाती है, तब छात्रों और छात्राओं का नया अनुपात 4:3 रखें जाने के लिये छात्रों की संख्या में क्या कमी होनी चाहिये?

1) 506 2) 466 3) 476 4) 496

54) If a : b = 4 : 5, b : c = 20 : 11 and c : d = 6 : 7, then value of a : b : c : d will be .....

1) 48 : 60 : 33 : 77 2) 80 : 100 : 44 : 66

3) 96 : 120 : 66 : 77 4) 56 : 70 : 66 : 77

54) यदि a : b = 4 : 5, b : c = 20 : 11 और c : d = 6 : 7 हो तो a : b : c : d का मान होगा .....

1) 48 : 60 : 33 : 77 2) 80 : 100 : 44 : 66

3) 96 : 120 : 66 : 77 4) 56 : 70 : 66 : 77

55) If $\tan\theta = \frac{4}{3}$ then value of $\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}$ is

1) $\frac{1}{2}$ 2) $\frac{1}{3}$ 3) $\frac{1}{9}$ 4) $\frac{1}{13}$

55) यदि $\tan\theta = \frac{4}{3}$ तो $\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}$ का मान होगा।

1) $\frac{1}{2}$ 2) $\frac{1}{3}$ 3) $\frac{1}{9}$ 4) $\frac{1}{13}$

56) If $\tan\theta = \cot\theta$, where $0 < \theta < \pi/2$ then value of $\theta$ will be

1) $\pi/6$ 2) $\pi/2$ 3) $\pi/3$ 4) $\pi/4$

56) यदि $\tan\theta = \cot\theta$, जहाँ $0 < \theta < \pi/2$ तो $\theta$ का मान होगा

1) $\pi/6$ 2) $\pi/2$ 3) $\pi/3$ 4) $\pi/4$

57) If the length of shadow of a pole on the level ground is twice of the length of that pole. The angle of elevation of the sun will be

1) 30° 2) 45° 3) 60° 4) None of these

57) यदि एक पोल की समतल धरती पर छाया की लम्बाई पोल की लम्बाई की दुगनी है । तो सूर्य का उन्नयन कोण होगा ...

1) 30°　　2) 45°　　3) 60°　　4) इनमें से कोई नहीं

58) The value of $\sqrt{\frac{\sec\theta - 1}{\sec\theta + 1}}$ will be ......

1) $\cot\theta - \operatorname{cosec}\theta$　　2) $\sec\theta - \tan\theta$　　3) $\operatorname{cosec}\theta - \cot\theta$　　4) $\tan\theta - \sec\theta$

58) $\sqrt{\frac{\sec\theta - 1}{\sec\theta + 1}}$ का मान होगा ........

1) $\cot\theta - \operatorname{cosec}\theta$　　2) $\sec\theta - \tan\theta$　　3) $\operatorname{cosec}\theta - \cot\theta$　　4) $\tan\theta - \sec\theta$

59) If tan X = sin 45°. cos 45° + sin 30°, then the value of X will be .....

1) 30°　　2) 45°　　3) 60°　　4) 90°

59) यदि tan X = sin 45°. cos 45° + sin 30° तो X का मान होगा .....

1) 30°　　2) 45°　　3) 60°　　4) 90°

60) In a right angle triangle the length of arms making right angle is a and b. Then area of the triangle will be

1) ab　　2) $\frac{1}{2}ab$　　3) $\frac{1}{2}a\sqrt{a^2 + b^2}$　　4) $\frac{1}{2}b\sqrt{a^2 + b^2}$

60) एक समकोणीय त्रिभुज में समकोण बनाने वाली भुजाओं की लम्बाई a तथा b है । तो त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा .....

1) ab　　2) $\frac{1}{2}ab$　　3) $\frac{1}{2}a\sqrt{a^2 + b^2}$　　4) $\frac{1}{2}b\sqrt{a^2 + b^2}$

61) In a rectangular quadrilateral ABCD, BC = b and AC = c, then area of the quadrilateral will be .....

1) b. c　　2) $b\sqrt{b^2 + c^2}$　　3) $b\sqrt{b^2 - c^2}$　　4) $b\sqrt{c^2 - b^2}$

61) एक आयताकार चतुर्भुज ABCD में BC = b और AC = c दिया हुआ है । तो चतुर्भुज का क्षेत्रफल होगा ...... ।

1) b. c　　2) $b\sqrt{b^2 + c^2}$　　3) $b\sqrt{b^2 - c^2}$　　4) $b\sqrt{c^2 - b^2}$

62) A rectangular quadrilateral is divided in such a way it get divided into two squares. If each arm of squares is "a", then the length of hypotenuse of the rectangular quadrilateral will be .....

1) 2a　　2) $\sqrt{3}\,a$　　3) $2\sqrt{2}\,a$　　4) $\sqrt{5}\,a$

62) एक आयताकार चतुर्भुज के दो टुकडे इस प्रकार किये जाते है कि वह दो वर्गाकार चतुर्भुज में विभाजित होता है । यदि वर्गाकार चतुर्भुज की एक भुजा "a" तो आयताकार चतुर्भुज के विकर्ण की लम्बाई होगी .....

1) 2a　　2) $\sqrt{3}\,a$　　3) $2\sqrt{2}\,a$　　4) $\sqrt{5}\,a$

63) A runner completes a race of 4.40 Kilometer by taking 10 rounds of a circular field. Then the area of the field will be ....

1) 15200 sq.mts 2) 15600 sq.mts 3) 15400 sq.mts. 4) 15800 sq.mts

63) एक धावक एक गोलाकार मैदान के 10 चक्कर लगाकर 4.40 कि. मी. दौड पूरी करता है। तो मैदान का क्षेत्रफल होगा....

1) 15200 व. मी. 2) 15600 व. मी. 3) 15400 व. मी. 4) 15800 व. मी.

64) A man loses 20% of his money. After spending 25% of the remainder, he has Rs. 480/- left with him. How much money did he originally have ?

1) Rs. 872/- 2) Rs. 840/- 3) Rs. 800/- 4) Rs. 820/-

64) एक व्यक्ति अपने धन की 20% राशि से वंचित हो जाता है। शेष राशि में से 25% खर्च करने के पश्चात् उसके पास ₹. 480/- बचते हैं। उसके पास मूलत: कितनी धन-राशी थी ?

1) ₹. 872/- 2) ₹. 840/- 3) ₹. 800/- 4) ₹. 820/-

65) A merchant purchases an item for Rs. 500/-. He marks at its price Rs. 700/-. He allows 10% discount on cash payment what is total profit in terms of amount and percentage?

1) Rs. 130/-, 26% 2) Rs. 150/-, 30% 3) Rs. 120/-, 24% 4) Rs. 70/-, 14%

65) एक व्यापारी एक वस्तु को ₹. 500/- में खरीदता है। वह उसपर ₹. 700/- मूल्य अंकित करता है। वह नकद भुगतान पर 10% की छूट देता है। राशी और प्रतिशतता में कुल लाभ क्या है ?

1) ₹. 130/-, 26% 2) ₹. 150/-, 30% 3) ₹. 120/-, 24% 4) ₹. 70/-, 14%

66) If cost of 20 pens is equal to the selling price of 25 pens. What is net loss percentage ?

1) 25% 2) 20% 3) 5% 4) 15%

66) यदि 20 पेनों की कीमत 25 पेनों की विक्रय कीमत के बराबर है। कुल हानि का प्रतिशत क्या है ?

1) 25% 2) 20% 3) 5% 4) 15%

67) 'A' started a business with a capital of Rs. 10,000/-. Four months later 'B' Joined him with a capital of Rs. 5000/-. What is the share of A in total profit of Rs. 2000/- at the end of the year ?

1) Rs. 1200/- 2) Rs. 1300/- 3) Rs. 1400/- 4) Rs. 1500/-

67) 'A' ने ₹. 10,000/- की पूँजी से व्यापार शुरु किया। चार महिने पश्चात् ₹. 5000/- की पूँजी लगाकर 'B' उसके साथ जुड गया। वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹. 2000/- में 'A' का हिस्सा क्या है ?

1) ₹. 1200/- 2) ₹. 1300/- 3) ₹. 1400/- 4) ₹. 1500/-

68) A milkman procures 20% more milk by fraudulent measurement. He sales it by mixing 25% water in it. His total gain will be .....

1) 45% 2) 40% 3) 50% 4) 48%

68) एक दूधिया बेईमानी से नापकर 20% दूध अधिक लेता है। वह उसमें 25% पानी मिलाकर बेचता है। उसे कुल फायदा होगा .....

1) 45% 2) 40% 3) 50% 4) 48%

69) 'A', 'B' and 'C' enter into a partnership. 'A' invest Rs. 320/- for 4 months, 'B' invest Rs. 510/- for 3 months and 'C' invest Rs. 270/- for 5 months. If the total profit is Rs. 208/- then share in profit of 'C' is .....

1) Rs. 64/- 2) Rs. 76.50/- 3) Rs. 67.50/- 4) Rs. 68/-

69) 'A', 'B' और 'C' साझेदारी में शामिल होते हैं। 'A' 4 माह के लिये ₹. 320/-, 'B' 3 माह के लिये ₹. 510/- और 'C' 5 माह के लिये ₹. 270/- का धन लगाते हैं। यदि कुल लाभ ₹. 208/- होता है तो लाभ में 'C' का हिस्सा है .....

1) ₹. 64/- 2) ₹. 76.50/- 3) ₹. 67.50/- 4) ₹. 68/-

70) If $\alpha+\beta=\frac{\pi}{4}$ then $(1+\tan\alpha)(1+\tan\beta)$ will have value .....

1) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ 2) $\sqrt{3}$ 3) 1 4) 2

